Telephone : 0484-2412300
Fax : 0091-484-2668212

www.cift.res.in
E-mail : aris.cift@gmail.com
cift@ciftmail.org

भाकृअनुप - केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान
ICAR - CENTRAL INSTITUTE OF FISHERIES TECHNOLOGY
सिफ्ट जंक्शन, विल्लिंडन आईलंड, मत्स्यपुरी पी.ओ., कोचिन, - 682 029, केरल, भारत।
CIFT Junction, Willingdon Island, Matsyapuri P.O., Cochin, - 682 029, Kerala, India.
(ISO/IEC 17025: 2005 Accredited & ISO 9001: 2008 Certified)

भाकृअनुप-केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान
में राजभाषा कार्यान्वयन : प्रगामी प्रयास पर राजभाषा संगोष्ठी संपन्न

राजभाषा कार्यान्वयन : प्रगामी प्रयास पर राजभाषा संगोष्ठी भाकृअनुप-केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान, कोचिन में दिनांक 23 जुलाई, 2018 को संपन्न हुई। संगोष्ठी का शुभारंभ भाकृअनुप गीत, माँ सरस्वती की वन्दना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सर्वप्रथम सभा का स्वागत करते हुए डॉ. जे. रेणुका, उपनिदेशक (राजभाषा) ने रेखांकित किया कि तीनों नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (केन्द्र सरकार, उपक्रम एवं बैंक) को एक सशक्त मंच प्रदान करने का अनोखा प्रयास करना ही इस संगोष्ठी का मूल लक्ष्य रहा। डॉ. रविशंकर सी.एन., निदेशक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संस्थान की उपलब्धियों के साथ राजभाषा कार्यान्वयन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि भारत सरकार की भाषा नीति के सक्रिया अनुपालन हेतु यह हमारा एक सार्थक प्रयास है।

मुख्य अतिथि श्री प्रणब कुमार दास, आई आर एस, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, केरल एवं अध्यक्ष नराकास, केन्द्र सरकार, कोच्चि ने अपने संबोधन में सरकारी भाषा नीति के सुनिश्चित अनुपालन में सभी के सहयोग पर जोर दिया और आशा व्यक्त की कि भाविष्य में भी के मा प्रौ सं द्वारा अधिक कार्यक्रम हिन्दी के प्रगामी प्रयास के लिए किए जाने चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने इस नूतन संकल्पना के लिए के मा प्रौ सं के निदेशक और उपनिदेशक (राजभाषा) को प्रशंसात्मक बधाई दी।

अंत में डॉ. पी. शंकर, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने मुख्य अतिथि को संगोष्ठी का उद्घाटन और सभी को संबोधन करने पर आभार व्यक्त किया। संस्थान के निदेशक को सदैव प्रेरणात्मक मार्गदर्शन देने हेतु आभार व्यक्त किया और कहा कि डॉ. जे. रेणुका, उपनिदेशक (राजभाषा) ने इस संगोष्ठी की संकल्पना निर्धारित की तथा इसे राजभाषा अनुभाग द्वारा रूपांकित किया गया।

प्रथम एवं द्‌वितीय सत्र :

इस संगोष्ठी के प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. जे. रेणुका, उपनिदेशक (राजभाषा) तथा द्‌वितीय सत्र की अध्यक्षता श्री के.के. रामचन्द्रन, सचिव, नराकास, केन्द्र सरकार, कोच्चि द्‌वारा की गई एवं संचालन डॉ. संताष अलेक्स ने किया। उक्त सत्र में सहाभगियों ने कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों को प्रस्तुत किया। श्रीमती शीला एम.सी., सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्‌वयन समिति, उपक्रम कोच्चि, डॉ.जे.रेणुका, उपनिदेशक (राजभाषा), के मा प्रौ सं, कोच्चि, श्री रामचन्द्रन के.के., सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्‌वयन समिति, केन्द्र सरकार, कोच्चि और श्री जॉन ए. अब्रहाम, सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्‌वयन समिति, बैंक कोच्चि द्‌वारा अपने प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किए गए। निदेशक महोदय डॉ.रविशंकर सी.एन., ने सहाभगियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए। इस संगोष्ठी के सिफारिशें को संबंधित मंत्रालय एवं राजभाषा विभाग को भेजा जाएगा।